लालसोट में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

15 मई, 2023 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने राज्य के दौसा ज़िले के लालसोट में स्थित पुराने तहसील कार्यालय में नवीन राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ. घनश्याम बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वर्ष 2022-23 की बजट घोषणा के क्रम में लालसोट के नर्सिंग कॉलेज का 60 छात्र-छात्राओं की प्रवेश क्षमता के साथ संचालन शुरू कर दिया गया है। अस्थायी रूप से इसका संचालन पुराने तहसील भवन में किया जा रहा है।
- राजकीय नर्सिंग कॉलेज के भवन निर्माण व छात्र-छात्राओं के छात्रावास हेतु लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से थलोज में 8 बीघा भूमि पर भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत है।
- नर्सिंग कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिये 16 शैक्षणिक व 28 गैर शैक्षणिक संकाय के पदों का सृजन किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि लालसोट में एडीएम, एडीशनल एसपी सहित बड़े प्रशासनिक कार्यालयों और पदों की स्वीकृति हुई है और एक ज़िले में होने वाली सभी सुविधाएँ लालसोट में विकसित हो रही हैं।
- इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया और दिव्यांगजन स्कूटी वितरण योजना के 4 लाभार्थियों को स्कूटी भी वितरित की।
- गौरतलब है कि उक्त योजना के तहत लालसोट ब्लॉक के 35 दिव्यांगजनों को स्कूटी प्रदान की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-government-nursing-college-in-lalsot